# भू–व्यवस्था पटवार परीक्षा–नवम्बर, 2017
## "पेपर नं0 II गणित"

समय : 3 घण्टे | कुल अंक : 100

नोट : (i) निम्नलिखित में कोई 10 प्रश्न करो।
(ii) केलकुलेटर का प्रयोग निषेध है।

प्र01. (क) $$\frac{2+2\times 2}{2\div 2\times 2} \div \frac{\frac{1}{2}\div\frac{1}{2} \text{ का } \frac{1}{2}}{\frac{1}{2}+\frac{1}{2} \text{ का } \frac{1}{2}} - \left(2-\frac{1}{2}\right) \times \frac{.25}{3}$$ (5)

(ख) $$\frac{(3.6)^3-(1.6)^3}{(3.6)^2+3.6\times 1.6+(1.6)^2} - \frac{2.5\times\sqrt{6.25}}{4-\frac{3}{7}} \text{ का } \frac{4}{7}$$ (5)

प्र02. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात करो। जिससे यदि 1541, 2443 और 2607 को विभाजित किया जाए तो समान राशि शेष बचे। शेष भी ज्ञात करो। (10)

प्र03. $\frac{5}{8}$ और $\sqrt{\frac{3}{7}}$ में से कौन सी संख्या बड़ी है और कितनी ? उत्तर चार दशमलव स्थान तक ज्ञात करो। (10)

प्र04. एक कक्षा में 40 विद्यार्थी थे। उसमें 10 वर्ष की आयु वाले 10 विद्यार्थी थे 12 वर्ष की आयु वाले 15 विद्यार्थी थे तथा 13 वर्ष वाले 15 विद्यार्थी थे। कक्षा के एक विद्यार्थी की औसत आयु निकालो। (10)

प्र05. व्यवहार गणित की विधि से चावल की 50 बोरियों का मूल्य 156.56 रु. प्रति क्विंटल की दर से निकालो जबकि एक बोरी में 1q. 62kg 500gm चावल हों। (10)

प्र06. यदि 2 आदमी और 3 लड़के एक काम को 8 दिन में तथा 3 आदमी और 2 लड़के 7 दिन में करते हों, तो 5 आदमी, 4 लड़के उस काम को कितने दिनों में कर सकेंगें। (10)

प्र07. A और B एक काम में सहभागी हैं A, 1600 रु. लगाता है और B 2000 रु. लगाता है। 8 मास पश्चात वे C को साथ मिलाते हैं और C 1200 रुपये लगाता है। यदि 2 वर्ष के पश्चात् कुल 550 रु. लाभ हुआ हो, तो प्रत्येक का भाग बताओ। (10)

प्र08. A और B एक काम को 8 दिन में B और C 12 दिन में C और A 16 दिन में कर सकते हैं, तीनों दो दिन मिलकर काम करते हैं बताओ A शेष काम को कितने दिनों में करेगा ? (10)

प्र09. एक मिश्रण में 15% पानी है और दूसरे में 40% पानी है। यदि पहले मिश्रण के 10 लीटर और दूसरे के 15 लीटर को मिला दिया जाए, तो नए मिश्रण में कितने प्रतिशत पानी होगा ? (10)

प्र010. एक मनुष्य ने एक रेडियो 10% लाभ पर बेचा। यदि वह 20% कम मूल्य पर खरीदता और पहली बेच से 10 रुपए अधिक लेकर बेचता तो उसे 40% लाभ होता। रेडियो का क्रय मूल्य बताओ। (10)

प्र011. एक राशि चक्रवृद्धि ब्याज से 2 वर्षों में 2420 रु और 3 वर्षों में 2662 रु. हो जाती है। राशि तथा दर प्रतिशत ज्ञात करो। (10)

प्र012. एक वर्गाकार खेत में घास लगवाने का खर्च 6 रु प्रति 100 वर्गमीटर की दर से 5400 रु है। उस खेत के गिर्द 1.50 रु प्रति मीटर की दर से बाड़ लगवाने का खर्च बताओ। (10)

# भू–व्यवस्था पटवार परीक्षा–नवम्बर, 2017
## "निर्वाचन

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 100

नोट : प्रश्न नं0 1 अनिवार्य हैं। शेष प्रश्नों में से पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. किन्हीं दस पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

(क) सेवा वोटर
(ख) निर्विरोध चुनाव
(ग) निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
(घ) प्रतिभूति निक्षेप
(ङ) मतगणना अभिकर्ता
(च) नगरपालिका निर्वाचन के विरूद्ध याचिका
(छ) पोल ड्यूटी मतपत्र
(ज) इ0वी0एम0 तथा वी0वी0पैट
(झ) पीठासीन अधिकारी
(ञ) नामावली का भागों में तैयार करना

(2.5×10=25)

प्र02. (i) निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण की क्या शर्तें हैं ? (5)
(ii) प्रारुप 6, 7, 8 व 8क पर टिप्पणी करें। (5)
(iii) वुथ लेवल अधिकारी कौन होता है ? इसके क्या कर्त्तव्य हैं ? (5)

प्र03. हि0प्र0 पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के अनुसार पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कैसे होता है ? वर्णन करें। (15)

प्र04. (i) निर्वाचन कार्यक्रम से क्या अभिप्राय है ?
(ii) रिटर्निंग आफिसर के कार्यों की विवेचना करें।
(iii) चुनाव लड़ने वाले अभ्यिार्थियों को प्रतीकों का आबंटन कब व किस प्रकार किया जाता है ?
(5×3=15)

प्र05. (क) पुनरीक्षण कितने प्रकार का होता है ? विस्तारपूर्वक वर्णन करें। 10
(ख) मतदान केन्द्रों में कौन–2 व्यक्ति प्रवेश कर सकते हैं ? 5

प्र06. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अनुसार "मामूली तौर पर निवासी" से क्या अभिप्राय है ? विस्तारपूर्वक वर्णन करें। 15

प्र07. क) हि0प्र0 पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के अन्तर्गत दावे और आक्षेप करने की विधि क्या है ? वर्णन करें।
ख) नामांकन पत्रों की संवीक्षा की प्रक्रिया क्या है, वर्णन करें।
ग) ग्राम पंचायत के पदों के लिए मतगणना की प्रक्रिया का वर्णन करें। (5×3=15)

प्र08. पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामावली कैसे तैयार की जाती है ? वर्णन करें। 15

# भू–व्यवस्था पटवार परीक्षा–नवम्बर, 2017
## "भू–अभिलेख नियमावली"
## प्रश्न पत्र नं0 – 5

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 100

नोट : 1. प्रश्न नं0 1 अनिवार्य हैं।
2. शेष प्रश्नों में से पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. निम्नलिखित 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी करें :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | बन्द सवाल | (ख) | कृषि गणना | (ग) | फर्द कब्जा |
| (घ) | पैमाना | (ङ) | रिवाजे आम | (च) | नक्शा वर्तन |
| (छ) | बाजिब उल अर्ज | (ज) | मिसल तफरीक वाछ | (झ) | आड रैहन |
| (ञ) | ढाल वाछ | (ट) | कृषक | (ठ) | लावारिसी |

(2½×10=25)

प्र02. (क) भूमि की निशान देही से क्या अभिप्राय है ? (2)
(ख) निशानदेही हेतु कौन आवेदन कर सकता है ? निशानदेही प्रार्थना पत्र के साथ कौन–2 से दस्तावेज शामिल किये जाते हैं ? (3)
(ग) निशान देही की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन करें। (10)

प्र03. पटवारी के कार्य का वार्षिक कार्यक्रम तथा अन्य कर्त्तव्यों का विस्तार पूर्वक वर्णन करें। (15)

प्र04. (क) सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से क्या अभिप्राय है ? सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होने पर पटवारी के क्या कर्त्तव्य हैं ? (10)
(ख) बन्दोबस्त के दौरान सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम तथा पुराने कब्जे की नियमित करने का क्या प्रावधान है ? (5)

प्र05. (क) इन्तकाल से क्या अभिप्राय है ? इन्तकाल कितने प्रकार के दर्ज किये जाते हैं ? वर्णन करें। (5)
(ख) रोजानामचा वाक्याती में किन–2 घटनाओं का उल्लेख किया जाता है ? (5)
(ग) प्राकृतिक आपदा क्या है ? इस स्थिति में पटवारी के क्या–2 कर्त्तव्य हैं ? विस्तारपूर्वक वर्णन करें। (5)

प्र06. भूमि विभाजन कितने प्रकार से किया जा सकता है ? विभाजन हेतू कौन–2 प्रार्थना पत्र दे सकते हैं ? प्रार्थना–पत्र के साथ कौन–कौन से दस्तावेज शामिल किये जाते हैं ? हुकमन तकसीम की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन करें। (15)

प्र07. (क) जमाबन्दी किन–2 राजस्व अभिलेखों की सहायता से तैयार की जाती है ? इसके साथ कौन–2 से दस्तावेज शामिल किये जाते हैं ? (5)
(ख) खतौनी पैमाईश कब तैयार की जाती है ? खतौनी पैमाइश किस–2 अभिलेख की सहायता से तैयार की जाती है ? (5)
(ग) शजरा नस्ब कैसे तैयार किया जाता है ? इसके तैयार करने का क्या महत्व है ? विस्तार से वर्णन करें। (5)

प्र08. किन्हीं पांच पर नोट लिखें —

(क) अड्डा

(ख) फर्दवदर

(ग) खराबा

(घ) शजरा किस्तवार

(ङ) निर्मुक्ति

(च) ततीमा शजरा

(5×3=15)

# भू–व्यवस्था पटवार परीक्षा–नवम्बर, 2017
## "हिमाचल प्रदेश लैण्ड लॉज"
## (किताबों की सहायता से)
## प्रश्न पत्र नं0 – 6

समय : 3 घण्टे — पूर्णांक : 100

नोट : (i) प्रश्न नं0 1 अनिवार्य है।
(ii) शेष में से पांच प्रश्न करें।
(iii) अपने उत्तर की पुष्टि में सम्बन्धित अधिनियम /नियम / नियमावली का उल्लेख करते हुए धाराओं/नियमों/ पैरों को भी संदर्भित करें।

प्र01. किन्हीं 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

(i) नम्बरदार (ii) कृषि वर्ष (iii) माल–अधिकारी
(iv) अलामकर भू–जोत (v) भू–स्वामी (vi) मुजारे
(vii) अकृष्ट भूमि (viii) स्वयं काश्त करने का अर्थ (ix) भू–एकत्रीकरण
(x) भूमिहीन व्यक्ति (xi) परिसर (xii) सहोदर
(xiii) उत्तराधिकारी

प्र02. क) तकसीम कितने प्रकार की होती है ? रवानगी तकसीम की प्रक्रिया का वर्णन धारा सहित करो। 8

ख) तरीका तकसीम क्या होती है ? मौका पर तकसीम कौन करता है व कैसे की जाती है ? 5

ग) तकसीम का कब्जा कौन देता है ? 2

प्र03. क) भू–राजस्व का निर्धारण कौन करता है ? भू–राजस्व की अदायगी बारे धारा सहित वर्णन करें। 8

ख) भू–राजस्व के बकाया को वसूल करने के उपाय धारा सहित लिखें। 7

प्र04. क) हि.प्र. नौतोड़ भूमि नियम 1968 के तहत किस–किस उद्देश्य हेतू भूमि स्वीकृत करने का प्रावधान है ? 5

ख) हि.प्र. स्पैशल नौतोड़ स्कीम के अन्तर्गत भूमि के अनुदान से लेकर इन्तकाल तक का वर्णन करें। 10

प्र05. क) मुजारियत की भूमि को हक प्रदान करने का वर्णन सम्बन्धित अधिनियम व नियम सहित करें। 8

ख) काश्तकार के उत्तराधिकार का प्रक्रामण कैसे होगा ? क्या काश्तकार अभिघृति को वसीयत कर सकता है ? 7

प्र06. क) रक्षित वन (Protected Forests) कौन होते हैं ? रक्षित वनों के बारे नियम बनाने की सरकार की शक्ति का धारा सहित वर्णन करें। 8

ख) 'वन पैदावार' – व्याख्या करें। 7

प्र07. क) हि0प्र0 शामलात भूमि निदान व उपयोग अधिनियम 1974 के अनुसार राज्य सरकार में निहित करने की प्रक्रिया, अतिक्रमण का उपचार, राशी तय करना तथा भूमि उपयोग वारा वर्णन, धाराओं सहित करें। 10

ख) प्राकृतिक आपदा क्या है ? प्राकृतिक आपदा के समय पटवारी के क्या कर्त्तव्य हैं ? 5

प्र08. क) अधिकार अभिलेख (Record of Rights) क्या है तथा इसमें कौन कागजात शामिल होते हैं ? 5

ख) निर्वसीयत हिन्दु पुरुष की वरास्त निम्न व्यक्तियों में से किन–2 के नाम जाएगी जबकि उसके उत्तराधिकारियों में से निम्नलिखित जीवित हैं :–

i) पहली अवस्था : पुत्र, पुत्री, मृत पुत्र की विधवा, बहन, पुत्र की पुत्री का पुत्र व माता। 2

ii) दूसरी अवस्था : भाई, पूर्व मृत भाई का पुत्र, बहन, पिता व सास 2

iii) तीसरी अवस्था : यदि एक से अधिक विधवाएँ हो तो उन्हें कितने भाग मिलेंगे ? 1

ग) क्या मुजारा भू–स्वामी को भूमि छोड़ सकता है तथा किसे। धारा सहित वर्णन करें। 5

# भू–व्यवस्था पटवार परीक्षा–नवम्बर, 2017
## "मसाहत व भू–व्यवस्था नियमावली"
## प्रश्न पत्र नं0 – 1

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 100

नोट : प्रश्न नं0 1 अनिवार्य हैं। शेष प्रश्नों में से पांच प्रश्न हल करें।

प्र01. निम्न में से किन्हीं 10 की परिभाषा दीजिए –

(1) मुसावी
(2) चान्दावन्दी
(3) सदरचान्दा
(4) बतर
(5) पुख्तगी मुसाबी
(6) पर्चा जमीदारी
(7) बुर्जी
(8) हदबस्त
(9) लाईन मुकाबला
(10) बन्दोबस्त जदीद
(11) गोशा तराशी नकशा वाजिब–उल–अर्ज
(12) तकावा

(2½×10=25)

प्र02. दो बन्दोबस्तों के दौरान शजरा के संशोधन के स्थाई और अस्थाई कारणों को बताते हुए ततीमा शजरा की तैयारी का विस्तार से वर्णन करें। 15

प्र03. पैमाईश करते हुए गाँव के मध्य यदि कोई दरिया / खड्ड आ जाए तो दरिया से दूसरी ओर की भूमि की पटवारी कैसे पैमाईश करता है ? आकृति बनाकर पैमाइश की विधि को स्पष्ट करें। 15

प्र04. (क) शजरा नस्व का महत्व बताएं। 7
(ख) बन्दोबस्त के दौरान कौन–2 से मालकान शजरा नस्व में दर्ज होंगे। 8

प्र05. मौका शजरा पर आधार रेखा कायम करने का तरीका विस्तार से वर्णन करे। 15

प्र06. (क) बन्दोबस्त में खशरा गिरदावरी पटवारी कब तहरीर करता है ? तथा यह किस अभिलेख से तैयार की जाती है ? वर्णन करें। 8
(ख) फर्द तफरीख वाछ क्या है ? इसे कब तैयार किया जाता है ? 7

प्र07. भू–राजस्व निर्धारण की संक्षिप्त प्रक्रिया बताएं। 15

प्र08. (क) बन्दोबस्त में मिसल हकीयत कब तहरीर की जाती है तथा कौन–2 अधिकारी उसकी पड़ताल करता है एवं कितना प्रतिशत पड़ताल करते हैं ? 10
(ख) बन्दोबस्त पटवारी मौमी और लट्ठा कब तैयार करता है ? 5